आज का सुविचार

समय से पहले और भाग्य से ज्यादा न कभी मिला है न मिलेगा।

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS

जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है.. संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 78 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 1 अगस्त 2025 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये


## BNSS- 187, पुलिस रिमांड क्या होती है, क्या DM-SDM भी किसी को पुलिस रिमांड पर भेज सकते हैं

समाचार माध्यमों से अक्सर हमें पता चलता है कि किसी गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को कोर्ट द्वारा पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। बहुत सारे लोगों को लगता है कि पुलिस रिमांड का मतलब होता है एक अंधेरे कमरे में गिरफ्तार व्यक्ति को बंद करके पिटाई करना। आइए पढ़ते हैं कि क्या लोगों का अनुमान सही है। पुलिस रिमांड क्या होती है और क्या कार्यपालक मजिस्ट्रेट यानी कलेक्टर अथवा एसडीएम किसी व्यक्ति को पुलिस रिमांड पर भेज सकते हैं-




युवा प्रदेश समाचार पत्र

- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665


**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-187 की परिभाषा ( सरल भाषा में )-**

पुलिस अधिकारी जो किसी क्राइम का इन्वेस्टिगेशन कर रहा है। उसने अपने पास उपलब्ध सबूतों के आधार पर किसी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है परंतु गिरफ्तार व्यक्ति से विस्तृत जानकारी एकत्रित करने के लिए इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर को अधिक समय की आवश्यकता है तब पुलिस ऑफिसर गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को मजिस्ट्रेट के सामने पेश करेगा एवं रिमांड की डिमांड करता है। ऐसी स्थिति में मजिस्ट्रेट अपने विवेक के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति को पुलिस रिमांड पर भेज सकता है। रिमांड की अवधि अधिकतम 15 दिवस तक हो सकती है। अगर कोई व्यक्ति पर ऐसा आरोप है जिस अपराध की सजा मृत्युदंड, आजीवन कारावास या 10 वर्ष से अधिक की सजा का प्रावधान है तब ऐसे आरोपी को मजिस्ट्रेट 90 दिनों के लिए न्यायिक अभिरक्षा अर्थात जेल में भेजेगा। लेकिन अगर अपराध अन्य मामलों में है तब किसी भी आरोपी को मजिस्ट्रेट अधिकतम 60 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में भेज सकता है इससे अधिक नहीं।

**क्या DM या SDM किसी व्यक्ति को पुलिस रिमांड पर भेज सकते हैं-** कोई भी कार्यपालक मजिस्ट्रेट अर्थात छ्रू स्ड्रू महानगरीय मजिस्ट्रेट धारा 187 की उपधारा (2क) के अनुसार तब आरोपी को अभिरक्षा में भेजेगा जब क्षेत्र का अधिकृत न्यायिक मजिस्ट्रेट अचानक छुट्टी पर चला गया हो अथवा उससे संपर्क नहीं हो पा रहा हो। कार्यपालक मजिस्ट्रेट किसी भी आरोपी को अधिकतम सात दिनो की अभिरक्षा में या पुलिस रिमांड में भेज सकता है। लेकिन अन्वेषण करने वाला पुलिस अधिकारी एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट इसकी एक रिपोर्ट कारण सहित लिखित रूप न्यायिक मजिस्ट्रेट के पास भेजेगा। अगर कोई महिला (स्त्री) आरोपी की उम्र 18 वर्ष से कम है तब उसे रिमांड के लिए न पुलिस अभिरक्षा एवं न ही न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जाएगा। मजिस्ट्रेट द्वारा ऐसी स्त्री को धारा 187 (2क) के आधीन मान्यता प्राप्त किसी सामाजिक संस्था या गृह में रखा जाएगा।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली में की सौजन्य भेंट

- **राज्य सरकार की उपलब्धियों से कराया अवगत**
- **म.प्र. में निवेश संबंधी किये जा रहे प्रयासों की दी जानकारी**



**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को पार्लियामेंट हाउस नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की और पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को मध्यप्रदेश की उपलब्धियों एवं नवाचार पर केंद्रित पुस्तिका विरासत से विकास की राह भेंट की। पुस्तिका में प्रदेश की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास, गरीबी उन्मूलन, जनजाति कल्याण, किसान कल्याण, नारी शक्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुशासन, शहरी विकास, अधोसंरचना विकास, पर्यटन एवं संस्कृति संरक्षण और पर्यावरण संबंधी गतिविधियों एवं उपलब्धियों का ब्यौरा शामिल है।

**दुबई-स्पेन की निवेश यात्रा से कराया अवगत:** प्रधानमंत्री श्री मोदी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हाल ही में मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के लिए की गई दुबई एवं स्पेन की यात्रा में मिली सफलता की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के चहुँमुखी विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्रदेश की साढ़े 8 करोड़ आबादी को हमेशा मिलता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में प्रधानमंत्री श्री मोदी के आशीर्वाद से विकसित भारत झ 2047 के विजन में मध्यप्रदेश भी अपना पूरा योगदान देगा।

# भोपाल को बनाया जाए सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार का आदर्श शहर : न्यायमूर्ति श्री सप्रे



**भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री अभय मनोहर सप्रे ने कहा है कि भोपाल में सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार के क्षेत्र में संगठित प्रयासों के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम सहित सभी संबंधित विभागों को गंभीरता, लगन और समर्पण भाव से कार्य करना होगा। उन्होंने समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर आगामी 3 माह में सकारात्मक बदलाव सुनिश्चित करने की अपेक्षा की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा संबंधी समिति भोपाल को इस दिशा में हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मृत्यु की संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। न्यायमूर्ति श्री सप्रे की अध्यक्षता में शुक्रवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय भोपाल में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई।

# BNSS - 327, कार्यपालक मजिस्ट्रेट कब न्यायालय को जांच रिपोर्ट साक्ष्य में देगा, जानिए

राज्य सरकार के अधीन कार्य करने वाले मजिस्ट्रेट को कार्यपालक मजिस्ट्रेट कहते हैं। इनके अंतर्गत DM, SDM, तहसीलदार एवं नायाब तहसीलदार आते हैं न्यायपालिका के अधीन कार्य करने वाले मजिस्ट्रेट न्यायिक मजिस्ट्रेट कहलाते हैं। इसके अंतर्गत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट, अपर जिला मजिस्ट्रेट, द्वितीय श्रेणी मजिस्ट्रेट आदि आते हैं । इन दोनों स्तंभों में न्यायपालिका सबसे ऊपर होती है वो इसलिए की कार्यपालक मजिस्ट्रेट को भी न्यायपालिका न् में साक्षी (गवाही) के लिए हाजिर होना पड़ता है। कार्यपालिका के मजिस्ट्रेट कब कब अपनी जाँच रिपोर्ट न्यायपालिका के समक्ष न्यायालय में साक्ष्य के रूप में देगा एवं पीड़ित व्यक्ति या आरोपी के कहने पर उन्होंने कब न्यायालय में भी गवाही के लिए उपस्थित होना होगा जानिए।

**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 327 की परिभाषा**

कोई जांच रिपोर्ट जो किसी व्यक्ति से संबंधित है या किसी संपत्ति के मामले से सम्बंधित है, तब कार्यपालक मजिस्ट्रेट विचारण के समय या अन्य कार्यवाही के लिए न्यायालय को अपनी रिपोर्ट भेजेगा एवं एवं वह रिपोर्ट न्यायालय में साक्ष्य अभिलेख का भाग होगी। अगर कोई कार्यपालक मजिस्ट्रेट किसी संदिग्ध व्यक्ति, मारे गए व्यक्ति, गुम हुए व्यक्ति, फरार व्यक्ति या भगा दिए गए व्यक्ति की जाँच रिपोर्ट न्यायलय को सौपता है तो भारतीय साक्ष्य अधिनियम,2023 के उपबन्धों के अनुसार देगे। न्यायालय अगर उचित समझता है और आरोपी या पीड़ित व्यक्ति आवेदन करता है कि कार्यपालक मजिस्ट्रेट(DM, SDM, तहसीलदार आदि) को साक्षी के तौर पर न्यायालय में उपस्थित किया जाए तब कार्यपालक मजिस्ट्रेट को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 327 खण्ड 02 के अनुसार स्वयं गवाही के लिए उपस्थित होना होगा।



**लेखक**

**बी.आर. अहिरवार (पत्रकार)**

# 30 जुलाई को युवा संवाद कार्यक्रम के पश्चात किया जायेगा विधान सभा घेराव

**मूलचन्द मेंधोनिया पत्रकार भोपालं**

भोपाल। भारत के महान शासक अशोक, महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्री फुले छत्रपति साहूजी महाराज और बाबा साहब डां. भीमराव अम्बेडकर जी इन सभी से लेकर आज तक जितने भी बहुजन आंदोलन के महानायक हुए हैं। उन सभी ने एक सपना देखा था कि भारत का मूल निवासी अब शोषित वंचित नहीं बल्कि शिक्षा से लेकर सत्ता तक पहुँच कर एक दिन मालिक बनेगा। लेकिन चिंताजनक बात यह कि दलित- पिछडों के बीच मनुवादियों और सामंतवादियों ने ऐसी गहरी खाई पैदा कर दी थी। जिससे ये दोनों वर्ग कभी भी राजनैतिक रूप से एक मंच पर आकर लंबा सफर नहीं कर पाये और बहुजनों को सत्ता मिलना तो दूर की बात है। उन्हें आज तक शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक न्याय भी ठीक से नहीं मिल पाया। बहरहाल कुछ राजनैतिक दल समय-समय पर अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और पिछड़ों की समस्याओं को लेकर, हक अधिकारों को लेकर आवाज उठाते है। लेकिन वह सभी अपने मतलब और काम सिद्ध करने तक सीमित है। वास्तव में ईमानदारी से गरीब व वंचितों की जनकल्याण की योजना बने उनके भी महापुरुषों को सम्मान मिले तो बहुजन समाज के लिए कोई परेशानी नहीं है, लेकिन सारी फसाद तो यही है कि दलित पिछड़ों की हकमारी अभी तक की जा रही है। दलित पिछड़ा समाज संगठन के तत्वावधान में 30 जुलाई 2025 दिन बुधवार को स्थान सिंधु भवन,




**युवा संवाद के बाद होगा विधान सभा घेराव**



शहीद मनीराम जी के पोते मूलचन्द मेंधोनिया कार्यक्रम का करते हुए प्रचार

कांग्रेस कार्यालय के पीछे, 5 नंबर स्टाप भोपाल में समय 11 बजे से युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संगठन के संस्थापक दामोदर सिंह यादव सहित अनेक बहुजन समाज के नेता एवं विचारक होगें। कार्यक्रम में चर्चा के मुख्य बिंदु निम्न रहेगें - पिछड़ा वर्ग को कम से कम 52 फीसदी आरक्षण तुरंत दिया जाये। ग्वालियर हाईकोर्ट में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित की जाये। मध्यप्रदेश में छात्र संघ के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से किया जाये। सम्राट अशोक की जयंती के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा शासकीय अवकाश घोषित किया जाये। जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल किया जाये। प्राइवेट सेक्टरों में आरक्षण लागू किया जाये। ईवीएम हटाकर बैलट पेपर से मतदान कराया जाये इत्यादि मुद्दों को लेकर प्रदेश के दलित पिछड़ा समाज एवं आदिवासी सहित अल्पसंख्यक समाज के हजारों नागरिक युवा संवाद कार्यक्रम में भारी संख्या में शामिल हो रहें हैं। अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार संघर्ष समिति मध्यप्रदेश के शहीद सुपौत्र मूलचन्द मेंधोनिया जो कि अपने दादाजी देश की आजादी में योगदान देकर वलिदान देने वाले महान क्रांतिकारी थे। जिन्हें आज तक की सरकारों ने कोई भी सम्मान नही दिया। तथा संगठनों के सरोकारों द्वारा दलित समाज के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को सम्मान न मिले इस कुंठित मानसिकता के चलते उनका नाम दबा दिया, अमर शहीद वीर मनीराम जी के युद्ध के दौरान जो मारे गए उन्हें शहीद घोषित किया लेकिन एक दलित महान क्रांतिकारी को जानबूझकर छुपाया गया। आज शहीद परिवार लंबे समय से सम्मान हेतु संघर्ष कर रहा है। अभी तक सरकार और राजनैतिक दल उनके नाम का सहारा लेकर चुनाव जीतती आ रही है। शहीद के वंशज व उताराधिकारी मूलचन्द मेंधोनिया ने प्रदेश भर के दलित पिछड़ा समाज के प्रबुद्ध नागरिकों व सभी उपेक्षित लोगों से अपनी की है कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर अपने हक अधिकारों की लड़ाई में शामिल हो।

# भारतीय बौद्ध महासभा कमेटी का पुनर्गठन व प्रशिक्षण शिविर हुआ संपन्न।

**संभागीय संवाददाता -राजू राय**



**शहडोल।** भारतीय बौद्ध महासभा का हुआ पुनर्गठन मुंबई से आए राष्ट्रीय सचिन व मध्य प्रदेश प्रभारी श्री बीएच गायकवाड जी की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें नई कमेटी का पुनर्गठन किया गया। मुंबई से आए राष्ट्रीय सचिव व प्रभारी मध्य प्रदेश श्री गायकवाड जी ने काफी मार्गदर्शन किया जैसे नशा मुक्ति सामाजिक कुरीतियों आज के युवाओं से सिगरेट पान गुटका तंबाकू सभी नशीले पदार्थों से दूर रहने कि अपील की गई। उन्होंने कहा स्वास्थ्य ,शिक्षा, पर जोर दिया जाए और वह हर कार्य किया जाए जो समाज हित में हो। और उन्होंने नई कार्यकारिणी गठित की। कार्यकारिणी का गठन निम्न अनुसार घोषित की गई है।

1) अध्यक्ष -प्रभाकर लोखंडे
2) महासचिव- आनंद गजभिए
3) कोषाध्यक्ष- अनूप सोनटके
4) उपाध्यक्ष(संस्कार) राजेश गजभिए
5) उपाध्यक्ष(महिला) पूर्णिमा सोनटके
6) उपाध्यक्ष प्रचार पर्यटन -आनंद मेश्राम
7) उपाध्यक्ष संरक्षण -राजेश कुशवाहा
8) कार्यालय सचिव -मिलिंद खरे
9) सचिन संस्कार- कल्पना डोंगरे
10) सचिव महिला- रीना गजभिए
11) सचिव महिला संस्कार-हीरा लोखंडे
12) पर्यटन प्रभार सचिव- राजू राय
13) संरक्षण प्रभार- केपी चौधरी
14) जिला संघटक- नरेंद्र प्रजापति
15) जिला संघटक -संतोष कॉल
16) जिला संघटक- हाजी मोहम्मद मकसूद
17) जिला संघटक- पप्पू रंजन
18) जिला संघटक- हीरामन चौधरी
19) जिला संघटक -संतोष कुंडें

# भीम आर्मी के ब्लाक संयोजक रामस्वरूप कोल जी निर्वाचित हुए नरगी ग्राम पंचायत के सरपंच,के रूप मे



**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

जनसेवा को बताया प्राथमिक लक्ष्य शहडोल उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्ध) के अंतर्गत शहडोल जिले की ग्राम पंचायत नरगी से सरपंच पद पर श्री रामस्वरूप कोल निर्वाचित घोषित किए गए हैं। रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत निर्वाचन नियम,1995 के तहत दिनांक 26 जुलाई 2025 को उन्हें विधिवत रूप से निर्वाचन प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। श्री रामस्वरूप कोल, पिता श्री मैकू कोल, ने अपनी जीत के बाद ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा-यह मेरी नहीं, पूरे नरगी ग्राम पंचायत की जीत है। मैं सभी ग्रामवासियों का दिल से धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। मेरा पहला लक्ष्य ग्राम में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना रहेगा। मैं सभी को साथ लेकर बिना भेदभाव के काम करूंगा और ग्राम को विकास की दिशा में आगे ले जाने का प्रयास करूंगा। ग्राम में नवनिर्वाचित सरपंच की जीत पर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। वहीं दूसरी तरफ भीम आर्मी जिला शहडोल ब्लाक सोहागपुर के ग्राम पंचायत नरगी मे सरपंच पद के लिए पहला व्यक्ति निर्वाचित होने वा खाता खुलने से पदाधिकारी कार्यकर्ताओं वा समर्थकों मे संगठन विस्तार को लेकर काफी उत्साह है ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। ग्राम के वरिष्ठ जनों और युवा मतदाताओं ने भी उम्मीद जताई कि रामस्वरूप कोल के नेतृत्व में नरगी पंचायत नए विकास की ओर अग्रसर होगी।

# राजनगर में नगर परिषद अध्यक्ष व कर्मचारियों ने किया एक दिवसीय श्रमदान, कीचड़ से जूझ रही शासकीय संस्थानों की सड़क को बनाया सुगम

**कैलाश कुमार - युवा प्रदेश ( सह संपादक )**

राजनगर! जिला अनूपपुर। बरसात के मौसम में शासकीय भवनों तक पहुंचने वाली सड़क कीचड़ और जलभराव के कारण लोगों के लिए परेशानी का सबब बन चुकी थी। आम नागरिकों और खासतौर पर छात्राओं को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसी स्थिति में नगर परिषद राजनगर के अध्यक्ष श्री यशवंत सिंह ने स्वयं आगे बढ़कर एक अनुकरणीय पहल की। श्री सिंह के नेतृत्व में नगर परिषद के कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने वार्ड क्रमांक 14 में स्थित शासकीय महाविद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, छात्रावास एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय तक पहुंचने वाली मुख्य सड़क पर मुरूम, गिट्टी एवं मिट्टी डालकर उसे समतल किया। यह कार्य पूर्ण रूप से श्रमदान के माध्यम से किया गया, जिसमें सभी ने स्वेच्छा से भागीदारी निभाई।





नगर अध्यक्ष स्वयं फावड़ा और गैंती लेकर श्रमिकों की तरह श्रमदान करते नजर आए। उन्होंने बताया कि बरसात के चलते सड़क पर कीचड़ की मोटी परत जम गई थी, जिससे छात्राएं, मरीज और आमजन काफी असहज स्थिति में थे। सड़क के अभाव में न तो ऐंबुलेंस आसानी से पहुंच पा रही थी और न ही छात्र सुरक्षित रूप से विद्यालय तक पहुंच पा रहे थे। उन्होंने यह भी बताया कि सड़क के स्थायी निर्माण के लिए संबंधित उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा जा चुका है, और बरसात समाप्त होते ही पक्की सड़क के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस जनहितैषी पहल की स्थानीय नागरिकों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से इस सड़क की दुर्दशा को लेकर आवाज उठाई जा रही थी, लेकिन पहली बार किसी जनप्रतिनिधि ने स्वयं श्रमदान कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। एकदिवसीय श्रमदान में नगर परिषद के अध्यक्ष यशवंत सिंह वार्ड नंबर 12 के पार्षद समय लाल पटेल वार्ड नंबर 9 के पार्षद मनोज चंदेल लेखपाल राजेश मिश्रा भाजपा नेता संतोष जायसवाल व नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा की सहभागिता रही।

# संभागायुक्त ने बैठक कर निर्देश दिए स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरी गरिमा और हर्षोल्लास से मनाया जाए

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**



आगामी 15 अगस्त को पूरे प्रदेश की भांति भोपाल में भी 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। भोपाल में राज्य स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन पूरी गरिमा और हर्षोल्लास के साथ हो। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह लाल परेड ग्राउंड पर प्रातः 9.00 बजे से आयोजित होगा। संभागायुक्त डॉ. संजीव सिंह ने कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में संबंधित विभागों की बैठक ली और निर्देश दिए कि मुख्य समारोह की सभी तैयारियां उत्कृष्ट हों तथा समय पर पूर्ण की जाएं। सभी विभाग उन्हें सौंपे गए दायित्व को तत्परतापूर्वक पूर्ण करें। बैठक में नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण, एडीएम सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि बारिश के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक व्यवस्था उत्तम हो तथा कार्यक्रम में आने वाले स्कूली बच्चों और परेड में भाग लेने वाले पुलिस बल आदि का विशेष ध्यान रखा जाए। वाहनों की पार्किंग व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। कार्यक्रम स्थल पर शुद्ध पेयजल व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग प्राथमिक चिकित्सा की पूरी व्यवस्था रखे। लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, बिजली विभाग सहित सभी विभाग अपने दायित्वों का निर्वहन करें। सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें और उत्कृष्ट परिणाम दें।संभागायुक्त ने कहा कि मुख्य कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शौर्य स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे जिसकी व्यवस्था संस्कृति विभाग द्वारा राजधानी परियोजना के सहयोग से पूर्ण की जाए। गत वर्ष की भांति रविंद्र भवन में शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर भोपाल द्वारा नागरिकों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तियों तथा अधिकारियों को आमंत्रित करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों एवं प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान पूर्वक कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाए। वृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को घर जाकर सम्मानित किया जाए।

# ग्राम पंचायत नरगी नवनिर्वाचित सरपंच हुए भीम आर्मी के सोहागपुर ब्लॉक संयोजक रामस्वरूप कोल ने भीम आर्मी से दिया त्यागपत्र।

**संभागीय संवाददाता- राजू राय**

शहडोल। जिले के ग्राम पंचायत नारगी में हुए उपचुनाव 2025 नवनिर्वाचित सरपंच हुए रामस्वरूप कोल जो भीम आर्मी में सुहागपुर मंडल संयोजक के रूप में अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए उपचुनाव में रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत)के द्वारा मध्य प्रदेश निर्वाचन नियम 1995 के तहत 26 जुलाई 2025 को उन्हें विधिवत रूप से निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।




श्री रामस्वरूप कोल पिता मैकू कोल ने अपनी जीत के बाद सभी ग्राम वासियों को आभार व्यक्त करते हुए कहा यह जीत मेरी जीत नहीं है पूरे ग्राम पंचायत के ग्राम वासियों की जीत है सभी ने मुझ पर विश्वास जताया है मैं उनके विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। मेरा पहला लक्ष्य होगा। ग्राम में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना स्वास्थ्य,शिक्षा, रोजगार, स्वच्छता युवाओं के लिए रोजगार बढ़ाना रहेगा। मैं सभी को साथ लेकर बिना भेदभाव के काम करूंगा ग्राम को विकास की दिशा में आगे ले जाने का प्रयास करूंगा।

वहीं दूसरी तरफ भीम आर्मी के शहडोल ब्लॉक सुहागपुर से ग्राम पंचायत नरगी में सरपंच पद के लिए पहला व्यक्ति निर्वाचित होने व पहले खाता खुलने से पदाधिकारी कार्यकर्ताओं व समर्थकों में संगठन विस्तार को लेकर काफी उत्साह है ढोल नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। मिठाई बाट कर खुशी जाहिर की। पूरे ग्राम पंचायत के लोग काफी उत्साहित दिखे। वहीं पर भीम आर्मी के जिला संयोजक राजेश कुशवाहा जी को अपना त्यागपत्र सौंप कर पद मुक्त हुए।

# बाढ के कारण जीवन अस्त व्यस्त होने की संभावना

**पत्रकार आशीष राजपूत बुदनी।** लगातार हो रही बारिश के कारण नर्मदा नदी का जल स्तर निरंतर बढ़ता जा रहा है बरगी, बारना नदी पर बने बाँध का पानी खतरे के निशान से ऊपर होने के उन्हें खोल दिया गया है जिसके कारण निचले स्तर के गावों में नर्मदा नदी का पानी भर गया है ग्राम पंचायत नादनेर में नर्मदा नदी का पानी आ गया है जिसके कारण ग्राम वासियों के खेतों की फसल एवं नीचे के घरों में पानी भर गया है ग्राम के रहने वाले अजय राजपूत के खेतों में नर्मदा नदी का पानी आ जाने के कारण खेतों की फसले नुकसान होने की कंगार पर है।





# क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई बिना लायसेंस शराब रखने वाला तस्कर गिरफ्तार 90 लीटर शराब जप्त

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**




नशे से दूरी, है ज़रूरीअभियान के मद्देनजर भोपाल शहर में क्राइम ब्रांच टीम को शहर में अवैध शराब की तस्करी करने वाले आरोपियो की तलाश में लगाया था। इसी दौरान सूचना मिली शांति नगर सुलभ काम्प्लेक्स के पास जैन की किराना दुकान के सामने वाली गली में एक व्यक्ति अपने कमरे में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब रखे हुए है, तथा इस समय अपने कमरे पर ही मौजूद है और पकडा जा सकता है। उसके पास भारी मात्रा में अग्रेजी शराब मिल सकती है सूचना पर स्टाफ व अधिकारियों को लेकर बताये स्थान शांति नगर सुलभ काम्प्लेक्स के पास गली पहुँचकर दरवाजा खटखटाने पर आरोपी व्यक्ति द्वारा दरवाजा खोला गया। नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम उम्र 31 साल निवासी सपना अपार्टमेंट कोलार रोड भोपाल तथा वर्तमान में शांति नगर थाना एमपी नगर भोपाल का बताया पुलिस द्वारा सर्च वारंट दिखाकर उसके कमरे में जाकर देखा तो कमरे में अंग्रेजी शराब की 10 पेटिया रखी मिली जिनमें से कुछ पेटिया खुली व कुछ सीलबंद थी।अंग्रेजी शराब के संबंध में पूछने पर आरोपी व्यक्ति द्वारा स्वयं की शराब होना बताया । तथा इतनी बड़ी मात्रा में शराब रखने का उसके पास कोई लायसेंस नही था।आरोपी पर आबकारी एक्ट का दंडनीय होने से आरोपी कब्जे से मिली कुल 10 पेटिया अंग्रेजी शराब जिनकी लगभग कीमत 1,01,000 रूपये थी । जप्त कि गई आरोपी पूर्व में भी अन्य थानो में अवैध शराब की तस्करी में गिरफ्तार हो चुका है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ।

# गुम हुए 15 मोबाइल फोन CEIR पोर्टल के माध्यम से बरामद करीबन चार लाख रुपये का माल भी बरामद

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**



CEIR पोर्टल के माध्यम से 15 मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता अर्जित की है। घटना व पुलिस कार्रवाई अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर गुम हुए मोबाइलों के शिकायतकरताओं द्वारा थाने पर मोबाइल घूमने के संबंध में शिकायत की गई थी।घटना को गंभीरता से लेते हुए उन गुमे हुये मोबाइल फोन को पुलिस साइबर पोर्टल CEIR पर सर्चिंग हेतु डाला गया था । सर्चिंग के दौरान थाना बागसेवनिया की साइबर टीम के द्वारा गुम हुए मोबाइलो के अपडेट जानकारी प्राप्त कर विभिन्न नंबरों को ट्रैक कर 15 मोबाइल फोन बरामद किए गये हैं तथा उनके मालिकों को लौटाए गए हैं। वो लोग जिनके मोबाइल गुमे हुये थे उन्हे अपने फोन पा कर बहुत खुशी हुई।

# नए अध्ययन से पता चला है कि सीटी स्कैन से कैंसर के मामलों की संख्या चिंताजनक हो सकती है



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल**

JAMA इंटरनल मेडिसिन में प्रकाशित 2025 के एक नए अध्ययन ने सीटी स्कैन के दीर्घकालिक जोखिमों के बारे में चिंताएँ जताई हैं। यूसीएसएफ के शोधकर्ताओं ने 2023 में अमेरिका भर में किए गए 9.3 करोड़ सीटी स्कैन का आश्चर्यजनक विश्लेषण किया और अनुमान लगाया कि इनसे भविष्य में 1,00,000 से ज़्यादा कैंसर के मामले सामने आ सकते हैं। यह हर साल होने वाले सभी नए कैंसर निदानों का लगभग 5त्न है। सीटी स्कैन शरीर की विस्तृत तस्वीरें लेने के लिए विकिरण पर निर्भर करते हैं। हालाँकि एक स्कैन में बहुत कम जोखिम होता है, लेकिन बार-बार या बहु-चरणीय स्कैन के संचयी प्रभाव से समय के साथ कैंसर की संभावना काफी बढ़ सकती है। सीटी स्कैन एक जीवनरक्षक निदान उपकरण बना हुआ है, जो गंभीर स्थितियों का जल्द पता लगाने में बेहद अहम है। उनका कहना है कि मुख्य बात स्कैन को खत्म करना नहीं, बल्कि उनके इस्तेमाल को बेहतर बनाना है, खासकर गैर-आपातकालीन मामलों में। एक अच्छी खबर यह है कि अमेरिकन कॉलेज ऑफ रेडियोलॉजी के अनुसार, नई सीटी स्कैन मशीनें पुराने मॉडलों की तुलना में 30त्न से 50त्न कम विकिरण का उपयोग करती हैं, जिससे कुल विकिरण जोखिम कम हो जाता है। लेकिन हर साल लाखों स्कैन किए जाने के बावजूद, जोखिम अभी भी काफी ज़्यादा है। यह निष्कर्ष स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और रोगियों दोनों के लिए एक चेतावनी है कि वे लाभ और जोखिम का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करें तथा जब भी उचित हो, वैकल्पिक इमेजिंग की तलाश करें।

# मजलिस ओमर अलमर्रजूकी में डॉ. किनाना जमालुद्दीन का स्वागत एवं भेंटवार्ता, मानवता की सेवा में उनके योगदान की सराहना



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रमुख सदस्य तथा उनके आध्यात्मिक नेता सुल्तान अल बोहरा सैय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन के प्रतिनिधि, हिज एक्सीलेंसी (H.E) किनाना जमालुद्दीन से दुबई पुलिस के वरिष्ठ मेजर ओमर अल्मरज़ोक़ी और प्रसिद्ध समाज सेवक भोपाल के तल्हा आरिफ की एक महत्वपूर्ण भेंटवार्ता हुई। डॉ. जमालुद्दीन समुदायिक मामलों, अंतरधार्मिक पहलों तथा स्थिरता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों के लिए विख्यात हैं। इस मुलाकात के दौरान, डॉ. जमालुद्दीन ने मानवता की सेवा में अपने उल्लेखनीय कार्यों की जीवनी प्रस्तुत की, जिसके लिए उन्हें धन्यवाद दिया गया। उनके द्वारा किए गए समाजसेवी प्रयासों, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की गई। डॉ. जमालुद्दीन ने कहा, मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। हमारा प्रयास है कि हम समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए काम करें और सतत विकास को बढ़ावा दें। उनके इस पुनीत कार्य से प्रभावित होकर, उन्हें समाज में नई दिशा देने वाले गुरु के रूप में मेजर ओमर अल्मरज़ुकी द्वारा सम्मानित किया गया। यह भेंटवार्ता समाज में सद्भाव, सहयोग और मानवीय मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक कदम मानी जा रही है।इस सभा मैं प्रसिद्ध समाज सेवक मुनीर अशरफ़, फ़रदान भाई (जन संपर्क अधिकारी) एवं दावूदी बोहरा समाज दुबई के प्रमोख व्यक्ति उपस्थित रहे ।

# गुडिया लौट आओ नाटक की भव्य प्रस्तुति, भोपाल में मेधावी छात्रों का सम्मान।



**गीतेश सिंह नरवरिया।**

भोपाल। गुडिया लौट आओ स्थानीय रविन्द्र भवन सभागार में यूनाइटेड अवेयरनेस मिशन के तत्वावधान में भोपाल शहर के दसवी एवं बारहवी कक्ष के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के नागरिको ने शिरकत की जिस में मुख्य अतिथि रूरू मध्य विधान जनाब आरिफ़ मसूद साहब एवं पूर्व पार्षद जनाब शावर मंसूरी साहब शिरकत की इस कार्यक्रम में दिशा वल्फेयर एवं कल्चरल सोसायटी समिति द्वारा नाटक गुडिया लौट आओ का मंचन किया गया ! उक्त नाटक में यह संदेश देने का प्रयास दिया गया कि हमारे बच्चों और नौ जवाने को अपने माता पिता वं बुजुर्गों की दी हुई सीख को अपनाने की जरूरत है। एक गलत कदम आपका भविष्य तबाह कर सकता है। कुदरत ने हमे जो जीवन प्रदान दिया है वह अनमोल है इसलिए इस जीवन में हमारे लक्ष्य एसे होने चाहिये कि हम परिवार, समाज एवं देश का भविष्य संवार सके ! उक्त नाटक के निर्देशक शकील चाँद लेखक उमर असलम, मंच पर एस.एम अली , नाएमा अली काज़मी, फ़िरोज़, नोया नूर अंसारी मंच परे मंच व्यवस्थापक फीरोज, संगीत एवं मंच सज्जा जावेद खान, लाइट शावेज़ सिकंदर इस परस्तुति को भव्यता प्रदान की गई।




# ऑन लाईन रैकेट चलाकर ठगी करने वाले 2 आरोपियों की जमानत न्यायालय ने की खारिज

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**




अनूपपुर। गेमिंग बेवसाईट के माध्यम से ऑन लाइन रैकेट चलाकर ठगी करने वाले 02 अन्य आरोपी संस्कार जायसवाल निवासी केतमा जिला अनूपपुर एवं सानित मानिकपुरी निवासी कठौतिया जिला डिण्डौरी की भी जमानत याचिका द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र पटेल ने की खारिज की लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि वर्ष 2025 में फरियादी दीपक राठौर को तहसील कार्यालय के पास उसे 02 व्यक्ति मिले, बातचीत करते करते जान पहचान हो गयी, जिन्होने अपना नाम संस्कार जयसवाल एवं घनश्याम बसोर बताये। दोनो आरोपियों ने फरियादी से कहा कि आपके पास पैसा हो तो दे दो वे पैसा दो गुना तिगुना कर के देंगें, तब वह बोला पैसा दो गुना तीन गुना कैसे करोगे तो तब दोनो आरोपियों ने बताया कि वो और लोग IIX और My fair Pla4 नाम की गेमिंग बेवसाईट में कार करते हैं, जहाँ लोग पैसा लगाते हैं, यदि तुम हमें पैसा दोगे, तो वे लोग पैसा गेम में लगाकर डबल और तिवल करके देंगें, तब वह दोनो को 5000/-रू0 नगर दे दिया, फिर कई बार संस्कार जायसवाल के मोबाईल पर संपर्क किया तो उसके द्वारा फोन नही उठाया, फिर वह दिनांक 12 जुलाई 2025 को उसके मोबाईल नं0 पर फोन लगाया तो संस्कार बोला कि पैसा वापस नही होगा। फरियादी की लिखित शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली अनूपपुर में अपराध पंजीबद्ध किय गया । विवेचना के दौरान कई आरोपियों से कुछ नगदी और कई मोबाईन जप्त किये गये । आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी तो कई आरोपियों के नाम सामने आये जिन्हे पुलिस ने अलग अलग स्थानो से गिरफतार कर जेल भेजा गया है। मामले में आरोपी संस्कार जायसवाल और सानित मानिकपुरी की ओर से द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में जमानत पर छोड़े जाने हेतु याचिका दायर की गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए सत्र न्यायाधीश, ने सुनवाई की और शासन की और पैरवी कर रहे लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा रखे गए तर्कों और बहस को देखते हुए साथ मामले की गम्भीरता एवं परिस्थितियों को देखते हुए आरोपी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

# नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम का आयोजन। राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया

**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** दिनांक 28 /07/2025 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आर के चौकसे




जी द्वारा स्वयंसेवकों से आवाहन किया गया कि वह नशे से दूरी बनाकर रखें जिससे स्वयंसेवकों का सर्वांगीण विकास हो सकेगा तथा समाज को नशे से दूर रहने की प्रेरणा मिलेगी । कार्यक्रम की द्वितीय चरण में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने नशे से दूरी विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार दिवाकर ने नशे से दूर रहने के लिए कहा एवं नशे से दूर रहने के फायदे से अवगत कराया। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर ईरा वर्मा ने नशा के दुष्परिणामों से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए कहा कि नशा विनाश को जन्म देता है विकास का अंत करता है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक धर्मेंद्र कटारे, मनीष, शुभम बामने, अमन, मोहन मांझी, जुबेदा, डोली जोशी, संगीता, रचना, शिवानी, पलक धुर्वे, पूजा सेलूकर, दीक्षा, आरती, रजनी, राजकुमारी इत्यादि छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। साथ ही महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉक्टर कमल वाधवा, डॉ संजय चौधरी, डॉ प्रियंका राय, डॉक्टर रेणुका ठाकुर, डॉ कुमुदिनी गार्गव, डॉ आरती सिंह एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# मुख्यमंत्री ने मेट्रो ट्रेन कार्य का किया निरीक्षण भोपालवासियों को बहुत जल्द मेट्रो ट्रेन की सौगात

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सरकार भोपालवासियों को बहुत जल्द मेट्रो ट्रेन की अनुपम सौगात दे देने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर में यात्री मेट्रो सेवा शुरू हो चुकी है। जनता से इसे बहुत अच्छा रिस्पांस मिला है। भोपाल मेट्रो ट्रेन का काम भी तेजी से जारी है। कुछ काम शेष रह गया है, जो डेढ़ से दो महीने में पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भोपाल मेट्रो का टेस्ट रन चल रहा है। रिसर्च डिजाइन स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा भोपाल मेट्रो निरीक्षण पूरा कर लिया गया है। शीघ्र ही कमिश्नर, मेट्रो रेल सेफ्टी निरीक्षण के लिए आएंगे। कमिश्नर रेल सेफ्टी से अनुमति मिलते ही भोपाल मेट्रो ट्रेन का प्रायोरिटी कॉरीडोर आमजन के लिए खोल दिया जाएगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल मेट्रो ट्रेन के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से एम्स तक एवं वापसी में एम्स से आरकेएमपी स्टेशन तक टेस्ट रन भी लिया ।इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर,सहित एमपी मेट्रो ट्रेन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारी उपस्थित थे।




# नक्सली शहीद सप्ताह से पहले सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई, तीन स्मारक किए ध्वस्त

**दीप्ति बाजपेयी**

## मालेवाही क्षेत्र में सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल का संयुक्त ऑपरेशन सफल

दंतेवाड़ा। आगामी नक्सली शहीद सप्ताह (28 जुलाई से 3 अगस्त) से पहले माओवादियों की गतिविधियों को रोकने और उनके मनोबल को कमजोर करने के उद्देश्य से सुरक्षा बलों ने बड़ा अभियान चलाते हुए मालेवाही क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा बनाए गए तीन स्मारकों को ध्वस्त कर दिया। यह संयुक्त कार्रवाई केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 195वीं बटालियन और जिला बल मालेवाही थाना की टीम द्वारा 26 जुलाई को ग्राम कहचेनार के आसपास की गई। अभियान का नेतृत्व कमांडेंट राजीव कुमार एवं निरीक्षक नरेश सलाम ने किया। सघन सर्चिंग व एरिया डॉमिनेशन के दौरान ग्राम कहचेनार के समीप माओवादियों के तीन स्मारक चिन्हित किए गए—जिनमें दो लकड़ी के बने हुए थे और एक सीमेंट-पत्थर से निर्मित था। इन सभी को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। स्मारकों का निर्माण पूर्व मारे गए माओवादी नेताओं जैसे कि आनंदञ्जसुदर्शन करटम (ष्ट्टरू), रामसू कोर्राम (क्क 16 डिप्टी कमांडर), जयमन तथा महिला माओवादी सनिता की याद में किया गया था। गौरतलब है कि भाकपा (माओवादी) संगठन हर वर्ष शहीद सप्ताह मनाता है, जिसमें स्मारक बनाना, बैनर-पोस्टर लगाना और जनसभाएं आयोजित कर ग्रामीणों को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। लेकिन इस बार सुरक्षा बलों की सजगता और मुस्तैदी से नक्सलियों की योजनाएं पहले ही विफल कर दी गई हैं। सुरक्षा बलों ने अभियान के दौरान



ग्रामीणों से संवाद कर क्षेत्र में माओवादियों की गतिविधियों की जानकारी भी एकत्र की। ग्रामीणों ने पुलिस पर भरोसा जताते हुए इलाके में विकास कार्यों में तेजी लाने की मांग की। अभियान दल सकुशल वापस मालेवाही थाना लौटा। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज पी., पुलिस उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, सीआरपीएफ के पुलिस उप महानिरीक्षक राकेश चौधरी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। जिले के संवेदनशील इलाकों में इस तरह की सघन गश्त और सर्च ऑपरेशन लगातार जारी रहेंगे, ताकि नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके और क्षेत्र में शांति एवं विकास की राह प्रशस्त हो सके।

# बस्तर की बेटियों ने सैनिकों के नाम भेजीं 1001 राखियाँ, जताया सम्मान और प्रेम

## स्काउट-गाइड बहनों की अनोखी पहल, देशसेवा में जुटे जवानों के लिए बनाया भावनात्मक संदेश

**जगदलपुर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व से पहले बस्तर की स्काउट्स और गाइड्स की बहनों ने देश की सीमाओं की रक्षा में तैनात सैनिक भाइयों के लिए 1001 राखियाँ बनाकर एक भावनात्मक और सम्मान से भरा संदेश भेजा है। एक राखी सैनिक भाइयों के नाम अभियान के तहत यह पहल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष और सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के आह्वान पर की गई। जिले में इस अभियान का संचालन जिला मुख्य आयुक्त व महापौर संजय पाण्डे और जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल के मार्गदर्शन में किया गया। गाइड कैप्टन और रेंजर लीडर्स के नेतृत्व में जिले के विभिन्न विद्यालयों की स्कूली छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ इन राखियों का निर्माण किया। बुधवार, 29 जुलाई को तैयार की गईं 1001 राखियाँ जिला शिक्षा अधिकारी को सौंप दी गईं। इसके पश्चात इन राखियों को स्काउट गाइड शाखा के जिला संगठन आयुक्त दशरूराम यादव और जिला प्रशिक्षण आयुक्त जेपी पाठक को सौंपा गया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बस्तर की बेटियों का यह प्रयास न केवल हमारे सैनिकों को भावनात्मक बल प्रदान करेगा, बल्कि यह आज की बेटियों की संवेदनशीलता और देशभक्ति को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा, हमारी बच्चियाँ जिस उत्साह और संवेदना के साथ यह कार्य कर रही हैं, वह विकसित और जागरूक भारत की सशक्त तस्वीर पेश करता है। उन्होंने अभियान में शामिल सभी गाइड्स, रेंजर्स और उनके लीडर्स को बधाई और शुभकामनाएं दीं। यह अभियान देशसेवा में लगे जवानों के प्रति बस्तर की बेटियों की कृतज्ञता और सम्मान को दर्शाता है। साथ ही यह युवाओं में देशप्रेम की भावना को मजबूत करने का एक प्रेरणादायक उदाहरण भी बन गया है।



# किसानो से संबंधित राजस्व कार्यो को प्राथमिकता से करने कलेक्टर ने अधिकारियो को दिए निर्देश

## राजस्व के कार्यो को लेकर नही भटके किसान मिले बेहतर सुविधाएं

**ज्ञान चन्द शर्मा/बालाघाट।** राजस्व कार्यो को लेकर किसानो को किसी भी प्रकार की परेशानी नही होनी चाहिए किसानो को बेहतर सुविधाए मिलना चाहिए कलेक्टर मृणाल मीणा ने राजस्व अधिकारियो के साथ राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक की बुधवार को राजस्व अधिकारियो केसाथ हुई यह बैठक पहली बैठक रही जो भौतिक रूप से हुई है हालांकि इससे पहले उन्होंने नियमित रूप से कई वर्चुअली बैठके की है इस बैठक मे कलेक्टर श्री मीणा ने उन राजस्व कार्यो को तरजीह दी है जो सीधे तौर पर किसानो को सुविधा देने वाले है उनमे मुख्य रूप से नक्शा तरमीम के कार्यो को नियमित रूप से संपादित करने को कहा है साथ ही कोर्ट कैसेस जो राजस्व न्यायालयो मे लंबित या प्रचलित है उनको प्राथमिकता के साथ निराकृत करने को कहा है बैहर मे नक्शा तरमीम का अच्छा रहा काम नक्शा तरमीम कार्यो मे राजस्व महाभियान दो के दौरान किए गए कार्यो और समस्याओ के संबंध मे तहसीलदारो से विस्तार से प्रतिक्रिया ली गई तहसीलदारो द्वारा भी उन बिंदुओं को रखा गया जिसमे उन्हे समस्याए हुई थी हालांकि राजस्व महाभियान मे बैहर तहसील मे नक्शा तरमीम का सबसे अधिक 19%88 प्रतिशत रहा यहा नक्शा तरमीम के कार्यो को अलग ढंग से करने के कारण अच्छी प्रगति परिलक्षित हुई है तहसीलदार श्री रोहित ने बताया कि उन्होने ऑर्डर शीट बनाकर कार्य किया जो राजस्व की मौलिक प्रक्रियाओ मे से एक है कलेक्टर श्री मीणा ने भी तहसीलदारो को उसी अनुरूप कार्य करने की हिदायत दी है।

# अनु.जाति-जनजाति युवा छात्र संघ, म.प्र. द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक

## रोज़गार उन्मुखी प्रशिक्षण एवं कैरियर संवाद कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न





रोज़गार उन्मुखी प्रशिक्षण एवं कैरियर संवाद कार्यक्रम का आयोजन रविवार को नवीन अजाक्स कार्यालय,भोपाल में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। युवाछात्र संघ के छात्र छात्राओ के उत्साह ने इस प्रदेश स्तरीय बैठक को प्रांतीय सम्मेलन का विशाल रूप दे दिया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए युवा प्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं एवं संगठन पदाधिकारियों ने सहभागिता की। अत्यधिक वर्षा के बावजूद युवाओं का जोश और समर्पण उल्लेखनीय रहा। सम्मेलन ने विचार, संवाद, मार्गदर्शन और संगठनात्मक चेतना का एक प्रभावशाली मंच प्रदान किया। मुख्य अतिथि श्री जे.एन. कंसोटिया (वरिष्ठ ह्रस्, अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, म.प्र. एवं प्रांतीय संरक्षक युवा छात्र संघ तथा प्रांताध्यक्ष अजाक्स) ने युवाओं को ओजपूर्ण वाणी से प्रेरित किया। श्री एस.एल. सूर्यवंशी (चीफ इंजीनियर, पी.डब्लू.डी एवं प्रांतीय महासचिव(प्रशासन)अजाक्स) ने आत्मनिर्भरता और नेतृत्व के विषय पर सारगर्भित वक्तव्य दिए।

विशेष अतिथियों में अजाक्स के प्रांतीय पदाधिकारी — श्री गौतम पाटिल, श्री ए.आर. सिंह, श्री एम.सी. अहिरवार, श्री एस.आर. कोली, श्री एच.आर. प्रभाकर, श्री शालिकराम चौधरी, श्री धनवाल, श्री बट्टी जी, श्री बाडेकर (रीवा), श्री पंकज पाटिल (डिक्की) एवं श्री रामसिंह रसोनिया (शास.कॉन्ट्रेक्टर) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण युवाछात्र संघ प्रांतीय अध्यक्ष बहन कु. प्रियंका जाटव जी की प्रजेंटेशन स्लाइड रही। कार्यक्रम में प्रियंका जी द्वारा प्रस्तुत ऐतिहासिक एवं समसामयिक संदर्भों पर आधारित प्रजेंटेशन विशेष केंद्र में रहा। उन्होंने इतिहास से लेकर वर्तमान सामाजिक-शैक्षणिक परिस्थितियों पर तथ्यात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया, जिसमें वास्तविक आंकड़ों, जमीनी अनुभवों और युवाओं छात्रों की समस्याओं को बेबाकी से रखा। यह प्रस्तुति विचारोत्तेजक और अत्यंत सराहनीय रही। युवा छात्र छात्राओ के लिए प्रेरणादायक स्लाइड रही। कार्यक्रम की मुख्य उपलब्धियाँरोजगार और प्रशिक्षण से जुड़े विषयों पर संवाद छात्र हितों, अधिकारों व समस्याओं पर समग्र चर्चा संगठनात्मक अनुशासन, नेतृत्व व संवाद कौशल पर सत्र,प्रदेशभर के पदाधिकारियों को पहचान-पत्र (ह्रष्ठ ष्ड्डह्म्स्र) वितरण, युवाछात्र संघ की भविष्य रणनीति और लक्ष्यों की प्रस्तुति। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को मैनिज करने में इंजी.टीकाराम अहिरवार का विशेष योगदान रहा। उन्होंने आयोजन को व्यवस्थित बनाए रखने में भूमिका निभाई। सम्मेलन में प्रतिभागियों ने इसे सिर्फ एक बैठक नहीं, बल्कि नवचेतना का जनसंचार आंदोलन बताया—जो समाज में एक सकारात्मक शैक्षणिक परिवर्तन का संकेत है।

**युवाछात्र संघ का ध्येय वाक्य**

शिक्षायुक्त और नशामुक्त हो समाज हमारा कार्यक्रम पूर्णत- सफलतम रहा।

# बालाघाट के पादरीगंज में खड़ी पेंचवेली एक्सप्रेस


**ज्ञान चन्द शर्मा युवा प्रदेश**

बालाघाट। बालाघाट के पादरीगंज स्टेशन में खड़ी पेंचवेली एक्सप्रेस, बालाघाट जिले वासियों के लिए किसी मजाक से काम नहीं है। दरअसल बीते दिनों इंदौर से चलकर छिंदवाड़ा के रास्ते शिवानी होते हुए नैनपुर तक पेंचवेली एक्सप्रेस का विस्तार कर दिया गया। यह ट्रेन नैनपुर तक तो आती है मगर उसके आगे नहीं आती। लेकिन नैनपुर स्टेशन से 13 किलोमीटर दूर बालाघाट जिले के पादरीगंज स्टेशन आती है। क्योंकि सुबह यह नैनपुर पहुंच जाती है उसके बाद नैनपुर स्टेशन में इसके लिए खड़े रहने के लिए जगह नहीं होती इसलिए दिनभर यह पादरीगंज स्टेशन में आराम करती है, और फिर यह शाम को नैनपुर के रास्ते अपने गंतव्य स्थान इंदौर के लिए रवाना हो जाती है, यह बालाघाट जिले वासियों के लिए बहुत बड़ा मजाक है कि यह ट्रेन दिनभर पादरीगंज स्टेशन में खड़ी होती है लेकिन बालाघाट तक नहीं आती बालाघाट वासियों की पहले से मांग है कि इसका विस्तार बालाघाट तक कर दिया जाए। पर रेलवे की सुनता नहीं और बालाघाट जिले वासी परेशान हो रहे हैं। क्या जिले के जनप्रतिनिधि आदरणीय सांसद महोदया ज़ी विधायक महोदय इस पर कृपया ध्यान दीजिये।

# खून से लिखे जा रहे हैं पत्र, फिर भी अनसुनी है सरकार

## मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों का रोजगार संकट गहराया







**हल्केवीर सूर्यवंशी**
**संभागीय संवाददाता**

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र अपनी मांगों को लेकर लगातार संघर्षरत हैं। रोजगार की स्थायित्व और नियमितिकरण की मांग को लेकर ये युवा अब सरकार को खून से पत्र लिखने को मजबूर हो गए हैं। इसके बावजूद सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जिससे इन शिक्षित युवाओं में आक्रोश और असंतोष बढ़ता जा रहा है। विधानसभा में भी गूंजी मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों की आवाज कांग्रेस के विधायक हीरालाल अलावा ने मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों की बात रखते हुए कहा कि यह सरकार की नाकामी का सबूत है जिसके माध्यम से वहीं युवाओं को रोजगार नहीं देना चाहते। आपको बता दें कि पूरे मध्य प्रदेश में नौ हजार से अधिक मध्य प्रदेश सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन जनता तक पहुंचाने का कार्य करते थे साथ ही शिक्षित युवाओं का रोजगार भी कायम था लेकिन नवीन सरकार डॉ मोहन यादव ने मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों को चाय में गिरी मक्खी की तरह उठाकर फेंक दिया और बात करते हैं युवाओं की भविष्य की युवाओं के रोजगार की। जन सेवा मित्रों का कहना है कि वे वर्षों से सरकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुँचाने, नागरिकों को सेवा का लाभ दिलाने, और प्रशासन को सहयोग देने का कार्य कर रहे हैं, लेकिन उनके भविष्य को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। ये युवा आज न स्थायी रोजगार पा सके हैं, न ही सम्मानजनक मानदेय। संघर्षरत जन सेवा मित्रों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होता, उनका आंदोलन जारी रहेगा। वे यह भी आरोप लगाते हैं कि सरकार बार-बार आश्वासन देती है लेकिन वास्तविक समाधान से बच रही है। मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों की यह लड़ाई अब एक संवेदनशील मोड़ पर पहुँच चुकी है। खून से पत्र लिखना किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में अंतिम और पीड़ादायक कदम माना जाता है। ऐसे में सरकार को संवेदनशीलता के साथ उनकी मांगों पर विचार करते हुए जल्द से जल्द ठोस निर्णय लेना चाहिए।

# महान साहित्यकार मुशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर साहित्यिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया




**पत्राकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** पंच परमेश्वर का मंचन शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में आज हिंदी साहित्य के महान साहित्यकार मुशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर साहित्यिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनकी प्रसिद्ध कहानी पंच परमेश्वर पर आधारित नाटक का सजीव मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कल्पना भारद्वाज की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने प्रेमचंद की लेखनी की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की न्याय प्रणाली में भी पंच परमेश्वर की भावना जीवंत रहनी चाहिए ।स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयोजक राजदीप सिंह भदौरिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई ।बताया कि वर्तमान समय में मुंशी प्रेमचंद को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी यदि उनकी रचनाओं में दिए गए नैतिक सामाजिक मूल्यों को अपनाया जाए । महाविद्यालय में आयोजित इस नाटिका में न्याय नैतिकता एवं निष्पक्षता जैसे मूल आधारित संदेश को विधि के विद्यार्थियों ने जीवंत रूप में प्रस्तुत किया ।मंचन में ग्राम पंचायत के पारंपरिक न्याय प्रणाली को उजागर करते हुए बताया गया कि कैसे एक सच्चा पंच (न्यायाधीश) मित्रता की भावनात्मक से जुदा हो या निजी स्वार्थ से परे केवल न्याय करता है।नाटिका में महाविद्यालय के एल एल बी द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी रेणुका पीयूष ईश्वर राजकुमार नेहा अमन अर्जुन अनिकेत द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया।इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा स्वरचित कविता आदि का पाठ किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर ओम शर्मा द्वारा किया गया तथा अंत में डॉक्टर महेंद्र कुमार पटेल द्वारा आभार व्यक्त किया गया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटिका ने विद्यार्थियों को प्रभावित किया और उन्होंने तालिया से सराहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।




सर्व समाज जनसेवक के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नन्दलाल यादव जी के परामर्श उपरांत प्रदेश अध्यक्ष श्री गया प्रसाद अहिरवार जी द्वारा एडवोकेट श्री बालकराम अहिरवार (बीआर अहिरवार) नर्मदापुरम को सर्व समाज जनसेवक संघठन में मध्यप्रदेश लोकसभा विदिशा मीडिया प्रभारी एवं विधिक सलाहकार बनाया गया कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें शुभकामनाएं दीं गई।

---------------




सर्व समाज जनसेवक के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नन्दलाल यादव जी के परामर्श उपरांत प्रदेश अध्यक्ष श्री गया प्रसाद अहिरवार जी द्वारा श्री अंकित उपाध्याय नर्मदापुरम को सर्व समाज जनसेवक संघठन में मध्यप्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें शुभकामनाएं दीं गई।

# अनूपपुर जिला ई-ऑफिस प्रणाली में प्रदेश में प्रथम स्थान पर

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

अनूपपुर/मध्यप्रदेश - ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अनूपपुर जिले ने ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उल्लेखनीय सफलता कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संभव हो सकी है। ई-ऑफिस प्रणाली के तहत शासकीय कार्यों में पारदर्शिता, गति और दक्षता आई है। अनूपपुर जिले में इस प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करते हुए फाइलों के इलेक्ट्रॉनिक संधारण, ट्रैकिंग और शीघ्र निपटारे को सुनिश्चित किया गया है। इससे न केवल कागजों की खपत में कमी आई है, बल्कि समय की भी बचत हुई है। कलेक्टर श्री पंचोली द्वारा निरंतर समीक्षा और अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था की गई, जिससे जिले में ई-ऑफिस प्रणाली का सुचारू संचालन सुनिश्चित हुआ। इस उपलब्धि से जिले की प्रशासनिक कार्यप्रणाली में तकनीकी नवाचार की एक नई मिसाल कायम हुई है। प्रदेश स्तर पर अनूपपुर जिले को मिला यह प्रथम स्थान जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सुश्री रानी गलकाटे एवं उनकी टीम व जिले के सभी शासकीय कार्यालयों की पूरी टीम के परिश्रम का प्रतिफल है।

# सर्व समाज जनसेवक संघठन के तत्वावधान में सामाजिक समरसता हेतु कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया

**पत्रकार बीआर अहिरवार बुदनी/नर्मदापुरम।** सर्व समाज जनसेवक संगठन के मध्यप्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री गया प्रसाद अहिरवार के नेतृत्व में कार्यकर्ता सामाजिक समरसता का सम्मेलन का आयोजन 27 जुलाई 2025 को किया गया द्व इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नन्दलाल यादव सर जी थे एवं विशेष अतिथि के रूप मे राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री रघुवीर सिंह श्रीवास ,प्रदेश उपाध्यक्ष श्री रविकांत मोदी, राष्ट्रीय महासचिव श्री सुरेश सोलंकी, राष्ट्रीय सचिव श्री महेंद्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री मुकेश रोकडे जी एवं प्रदेश सचिव श्री दिनेश पटेल उपस्थित रहे द्व कार्यक्रम की




अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष श्री गया प्रसाद अहिरवार ने की एवं उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमे संघटन के माध्यम से पीड़ित व्यक्ति की सहायता करना है सभी को एक जुट होकर संघटन का साथ देना है द्व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संघठन का उद्देश्य एवं लक्ष्य को समझाया द्व अंत मे संघठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नन्दलाल यादव सर जी ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं एवं अतिथियों को बताया कि सर्व समाज जनसेवक संघठन में कोई भी पदाधिकारी बड़ा- छोटा नहीं है सभी बराबर है एवं सभी का एक ही उद्देश्य होना चाहिए पीड़ित मानव की सेवा करना एवं गरीब ,निर्धन व्यक्ति को सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक न्याय दिलाना एवं सरकार तक उनकी समस्याओं को पहुंचाना।

**प्रदेश कार्यकारिणी की नियुक्तियां :** प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री गया प्रसाद अहिरवार द्वारा मान्य राष्ट्रीय अध्यक्ष से परामर्श उपरांत प्रदेश कार्यकारिणीयो की नियुक्ति की गई जिनमे श्री अंकित उपाध्याय नर्मदापुरम को (प्रदेश उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश),श्री बालकराम अहिरवार (लोकसभा विदिशा मीडिया प्रभारी एवं विधिक सलाहकार), श्री रविन्द्र कुमार बान्गरे ,राजू चौहान, मुरली मनोहर, राजेश कुमार आदि पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)